**तत्काल**

**सं. एन-22/2/2021-पी एंड सी**

भारत सरकार
उपभोक्ता मामले, खाद्य और सार्वजनिक वितरण मंत्रालय
(उपभोक्ता मामले विभाग)

कृषि भवन, नई दिल्ली
दिनांक 14 जून, 2022

**कार्यालय ज्ञापन**

**विषय:- उपभोक्ता मामले विभाग के संबंध में मई, 2022 माह के लिए मंत्रिमंडल के लिए मासिक सारांश – के संबंध में।**

********

अधोहस्ताक्षरी को इस पत्र के अनुलग्नक के रूप में, उपभोक्ता मामले विभाग के संबंध में मई, 2022 माह के लिए मासिक सारांश (अनुलग्नक) के अवर्गीकृत भाग को सूचनार्थ संलग्न करने का निदेश हुआ है।

संलग्नक:यथोक्त

(सुरेन्द्र सिंह)
निदेशक, भारत सरकार
फोन नं. 2338 4390

प्रति संलग्नकों सहित, ई मेल के माध्यम से अग्रेषित

1. मंत्रिपरिषद के सभी सदस्य।
2. पीआईबी/सूचना एवं प्रसारण मंत्रालय।
3. उपराष्ट्रपति के सचिव।
4. मंत्रिमंडल सचिव, मंत्रिमंडल सचिवालय, राष्ट्रपति भवन, नई दिल्ली
5. सचिवगण, भारत सरकार। (सूची के अनुसार)
6. अध्यक्ष, संघ लोक सेवा आयोग, धौलपुर हाऊस, नई दिल्ली।
7. उपाध्यक्ष, नीति आयोग, योजना भवन, नई दिल्ली।
8. निदेशक (एनआईसी) को विभाग की वेबसाइट पर अपलोड करने हेतु।
9. विभाग के सहायक निदेशक (राजभाषा)

अनुलग्नक

**उपभोक्ता मामले विभाग**

**मई, 2022 माह का मासिक सारांश**

मई, 2022 माह के दौरान उपभोक्ता मामले विभाग द्वारा किए गए महत्वपूर्ण कार्यकलाप निम्नानुसार है:

**1. उपभोक्ता संरक्षण:**

27 मई 2022 को वेबसाइटों पर नकली समीक्षाओं के परिणाम और आगे की कार्य योजना पर चर्चा करने के लिए भारतीय विज्ञापन मानक परिषद (एएससीआई); ई-कॉमर्स संस्थाओं, उपभोक्ता आयोगों, विधि विश्वविद्यालयों, उपभोक्ता अधिवक्ताओं, फिक्की, सीआईआई, उपभोक्ता अधिकार कार्यकर्ताओं सहित विभिन्न हितधारकों के साथ एक बैठक आयोजित की गई थी।

**2. मूल्य निगरानी:**

2.1 एग्रीवॉच की साप्ताहिक प्रस्तुतियों में राष्ट्रीय और अंतर्राष्ट्रीय बाजार के रूझान, कीमतों, उत्पादन, उपज, पांच दालों- चना दाल, तूर, उड़द, मूंग और चना, तथा तीन सब्जियों – प्याज, आलू और टमाटर के आयात एवं निर्यात परिदृश्य शामिल थे।

2.2 राज्यों/संघ राज्य क्षेत्रों के संबंधित नागरिक आपूर्ति विभाग द्वारा सूचित किए गए अखिल भारतीय मासिक औसत खुदरा कीमतों के लिए अप्रैल, 2022 की तुलना में मई, 2022 माह के लिए मूल्य रूझान संलग्न है।

**3. मूल्य स्थिरीकरण कोष:**

3.1 मूल्य स्थिरीकरण कोष (पीएसएफ) के तहत दालों एवं प्याज की खरीद और निपटान की स्थिति की समीक्षा के लिए 19 मई, 2022 को पीएसएफएमसी की 55वीं बैठक आयोजित की गई थी।

3.2 पीएसएफ के तहत तूर (केएमएस 2021-22) की खरीद के लिए पहली किस्त के रूप में नेफेड को पीएसएफ से 25.29 करोड़ रुपये जारी किए गए।

3.3 पीएसएफ के तहत 1 लाख मीट्रिक टन आयातित मसूर की खरीद के लिए चौथी किस्त के रूप में 31.75 करोड़ रुपये जारी किए गए।

3.4 31 मई, 2022 तक, नेफेड ने जुलाई, 2022 तक प्राप्त किए जाने वाले 2.5 लाख मीट्रिक टन के लक्ष्य की तुलना में 52,460.34 मीट्रिक टन प्याज और प्रस्तावित 42,500 मीट्रिक टन तूर की तूलना में 9,107.84 मीट्रिक टन की खरीद की है।

**4. भारतीय मानक ब्यूरो:**

4.1 बायोडिग्रेडेबल प्लास्टिक पर भारतीय मानकों/दिशा-निर्देशों को तैयार किए जाने की स्थिति की समीक्षा के लिए मेरी अध्यक्षता में 17 मई 2022 को एक बैठक आयोजित की गई थी।

4.2 घरेलू विनिमर्ताओं को 464 नए लाइसेंस प्रदान किए गए और दो लाइसेंस विदेशी विनिर्माताओं को प्रदान किए गए थे। इसके अतिरिक्त, घरेलू विनिर्माताओं के 2,274 लाइसेंस और विदेशी विनिर्माताओं के 40 लाइसेंसों का नवीकरण किया गया।

4.3 रसायन और पेट्रोरसायन विभाग ने बीआईएस (अनुरूपता मूल्यांकन) विनियम, 2018 की स्कीम-I के अनुसार विभिन्न रसायन एवं पेट्रोरसायन के लिए 8 गुणवत्ता नियंत्रण आदेश अधिसूचित किए हैं।

4.4 अनिवार्य पंजीकरण स्कीम के तहत, मई 2022 में 471 नए लाइसेंस जारी किए गए; 825 समावेशन और 309 नवीकरण किए गए। मई 2022 में क्रियाशील लाइसेंसों की संख्या 20,368 थी।

4.5 नगर निगम वाले 100 स्मार्ट सिटीज के मुख्य कार्याकारी अधिकारियों को पेयजल की जांच सुविधाओं के संबंध में पत्र भेजकर उनके संगठन के अंतर्गत प्रयोगशालाओं में आईएस 10500 के अनुसार पेयजल के लिए उपलब्ध परीक्षण सुविधाओं का विवरण मांगा गया है। कमी विश्लेषण को सुकर बनाने के लिए विस्तृत खंडवार परीक्षण आवश्यकताएं भी नगर निगम आयुक्तों को भेजी गई थी।

4.6 इस माह के दौरान हॉलमार्किंग स्कीम के तहत, 1398 नए ज्वैलर्स पंजीकृत किए गए हैं, एवं 37 नए ए एंड एच केन्द्रों को मान्यता दी गई है।

4.7 आजादी का अमृत महोत्सव मनाने के लिए 28 अप्रैल 2022 को 'वस्तुओं और सेवाओं की खरीद में गुणवत्ता एवं पारदर्शिता' तथा 23 मई 2022 को पाइप्ड पेयजल आपूर्ति प्रणाली विषय पर वेबिनार/सेमिनार आयोजित किए गए।

4.8 10 मई 2022 एवं 13 मई 2022 को मानकीकरण पर शैक्षणिक संस्थानों के साथ संवाद आयोजित किया गया।

**5. विधिक मापविज्ञान पर कार्यशाला:**

माननीय उपभोक्ता मामले, खाद्य एवं सावर्जनिक वितरण मंत्री की अध्यक्षता में राज्य सरकारों के माननीय मंत्रियों, सचिवों, नियंत्रकों और विधिक माप विज्ञान अधिकारियों के साथ विधिक मापविज्ञान अधिनियम के कुछ प्रावधानों को अपराध की श्रेणी से बाहर करने पर चर्चा करने के लिए 09 मई, 2022 को विज्ञान भवन नई दिल्ली में विधिक मापविज्ञान अधिनियम 2009 पर राष्ट्रीय कार्यशाला आयोजित की गई थी।

**6. समय प्रसार:**

30 मई 2022 को मेरी अध्यक्षता में सभी हितधारकों के साथ समय प्रसार परियोजना की प्रगति की समीक्षा करने के लिए एक बैठक आयोजित की गई थी।

**7. एसीसी निर्देश:**

सुश्री रूपा दत्ता के कार्य मुक्त होने के बाद वरिष्ठ आर्थिक सलाहकार का पद 17.7.2021 से रिक्त है। इस पद के लिए संवर्ग नियंत्रक प्राधिकरण होने के नाते आर्थिक कार्य विभाग द्वारा इस पद को भरा जाना है। अत:, विभाग के पास कोई एसीसी निर्देश लंबित नहीं है।

**आवश्यक वस्तुओं की कीमतें – पिछले माह की तुलना में रूझान:**

राज्य सरकार/संघ राज्य क्षेत्रों के संबंधित नागरिक आपूर्ति विभागों द्वारा दी गई सूचना के अनुसार देश भर के 181 केन्द्रों से 22 आवश्यक वस्तुओं की अखिल भारतीय मासिक औसत खुदरा मूल्यों को संकलित किया जाता है तथा अप्रैल, 2022 की तुलना में मई, 2022 माह के औसत खुदरा मूल्यों का विवरण निम्नलिखित है:-

**आवश्यक वस्तुओं के अखिल भारतीय मासिक औसत खुदरा मूल्य (₹ /कि.ग्रा.)**

| क्रम सं. | वस्तु | अप्रैल, 2022 | मार्च, 2022 | अंतर (₹ में) |
|---|---|---|---|---|
| (1) | (2) | (3) | (4) | (5) |
| 1 | चावल | 36 | 36 | 0 |
| 2 | गेहूं | 29 | 29 | 0 |
| 3 | आटा | 33 | 32 | 1 |
| 4 | चना दाल | 74 | 74 | 0 |
| 5 | तूर दाल | 103 | 103 | 0 |
| 6 | उड़द दाल | 105 | 105 | 0 |
| 7 | मूंग दाल | 103 | 103 | 0 |
| 8 | मसूर दाल | 97 | 96 | 1 |
| 9 | चीनी | 41 | 41 | 0 |
| 10 | दूध (प्रति लीटर) | 51 | 51 | 0 |
| 11 | मूँगफली का तेल | 192 | 189 | 3 |
| 12 | सरसों का तेल | 189 | 189 | 0 |
| 13 | वनस्पति | 164 | 157 | 7 |
| 14 | सोया तेल | 171 | 166 | 5 |
| 15 | सूरजमुखी का तेल | 189 | 183 | 6 |
| 16 | पॉम ऑयल | 155 | 150 | 5 |
| 17 | गुड़ | 48 | 48 | 0 |
| 18 | खुली चाय | 285 | 284 | 1 |
| 19 | नमक का पैक | 19 | 19 | 0 |
| 20 | आलू | 23 | 21 | 2 |
| 21 | प्याज | 23 | 26 | -3 |
| 22 | टमाटर | 43 | 27 | 16 |

स्रोत: राज्य नागरिक आपूर्ति विभाग